Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding appointment of farmer and their dependent family members in the Railway Department displaced under Rewa-Sidhi-Singrauli Railway Project.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा): माननीय सभापति, पश्चिम-मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के अंतर्गत रीवा-सीधी-सिंगरौली तथा सतना-पन्ना नई रेल लाइन परियोजना के भूमि अधिग्रहित किसानों के आश्रितों को नौकरी देने के प्रावधान के अनुसार मेरे निर्वाचन क्षेत्र रीवा के कुछ किसानों के आश्रितों को नौकरी दी गई, परन्तु अभी भी काफी संख्या में नौकरी की पात्रता रखने वाले वंचित हैं । जबलपुर मंडल द्वारा ऐसे पात्र व्यक्तियों की सूची भी तैयार की गई तथा उनके दस्तावेजों का सत्यापन, पेपर स्क्रीनिंग, मेडिकल तथा नियुक्ति का संभावित शेड्यूल भी जारी किया गया, परन्तु उस शेड्यूल के अनुसार रीवा-सीधी-सिंगरौली के लिए बनाई गई सूची क्रमांक 1077 से 1605 तक के नामों पर दस्तावेजों का सत्यापन व स्क्रीनिंग की संभावित समय सीमा… (व्यवधान)

***m02 माननीय सभापति :** माननीय सदस्य महोदय, आपने केवल दो लाइनें ही लिखकर दी है, आपको पूरा लिखकर देना चाहिए था ।

चलिए, आप अपनी बात पूरी कीजिए ।

श्री जनार्दन मिश्र: संभावित समय सीमा अगस्त, 2020 से अक्तूबर, 2020, मेडिकल जाँच की समय सीमा नवम्बर, 2020 से जनवरी, 2021 तथा नियुक्ति की कार्यवाही की समय सीमा मार्च, 2021 से मई, 2021 तक तथा सूची क्रमांक 1808 से 1926 तक दस्तावेजों का सत्यापन एवं पेपर स्क्रीनिंग संभावित समय सीमा फरवरी, 2021 से अप्रैल, 2021 मेडिकल जाँच की संभावित समय सीमा मई, 2021 से जून, 2021 तथा नियुक्ति की कार्यवाही की समय सीमा अगस्त, 2021 से सितम्बर, 2021 तक निर्धारित की गई थी । परन्तु आज तक उक्त सूची के आधार पर चयनित व्यक्तियों के नौकरी हेतु कार्रवाई नहीं की जा रही है ।

अत: आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से आग्रह है कि सूची के अनुसार चयनित आश्रितों को अविलम्ब नौकरी दी जाए ।   धन्यवाद ।